राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने राज्यसभा के लिए नामित सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी

श्री उज्ज्वल देवराव निकम का राष्ट्र के प्रति समर्पण प्रेरणादायक- राज्यपाल

जयपुर, 13 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने मुंबई हमले जैसे कई हाई-प्रोफाइल आपराधिक मामलों में सरकारी वकील के रूप में भूमिका निभाने वाले श्री उज्ज्वल देवराव निकम को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्यसभा के लिए नामित किए जाने पर प्रसन्नता जताते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि भारतीय न्यायिक प्रक्रिया में आम जन का विश्वास बनाए रखने और संवैधानिक मूल्यों के लिए कार्य करने वाले निकम दूसरों के लिए भी प्रेरणा है।

राज्यपाल ने राष्ट्रपति द्वारा तीन अन्य नामित सदस्यों केरल के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद सी. सदानंदन मास्टे, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और प्रख्यात इतिहासकार और शिक्षाविद मीनाक्षी जैन को भी बधाई और शुभकामनाएं दी है।